20

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

सं० सं०–2/एम–14/2021– /स्वा०, पटना, दिनांक / /2026

स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, तेलंगाना के पत्रांक/ज्ञापांक–5349/B/2021, दिनांक–22.10.2021 द्वारा तेलंगाना कैडर की उप शल्य चिकित्सा पदाधिकारी डा० बी० ललिता की सेवा को अन्तर्राज्यीय प्रतिनियुक्ति के आधार पर 05 वर्षों के लिए स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सौंपा गया है। वर्त्तमान में विभागीय अधिसूचना संख्या–1513(2), दिनांक–22.08.2025 द्वारा डा० बी० ललिता को अपर स्थानिक आयुक्त के रिक्त पद के विरुद्ध अपने ही वेतनमान में बिहार भवन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में दिनांक–22.10.2026 तक के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर पदस्थापित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि डा० बी० ललिता द्वारा अपनी अन्तर्राज्यीय प्रतिनियुक्ति को दिनांक–22.10.2026 के पश्चात् अगले 02 वर्ष तक विस्तारित करने का अनुरोध किया गया है। उक्त क्रम में स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, तेलंगाना सरकार के पत्रांक–1798/B/2026, दिनांक–08.09.2026 द्वारा डा० बी० ललिता की अन्तर्राज्यीय प्रतिनियुक्ति को दिनांक–22.10.2026 के पश्चात अगले 02 वर्ष तक विस्तारित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र भी प्राप्त हुआ है।

वर्णित स्थिति में स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, तेलंगाना सरकार से प्राप्त अनापत्ति के आलोक में डा० बी० ललिता (सम्प्रति अपर स्थानिक आयुक्त, बिहार भवन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली के पद पर पदस्थापित) के बिहार सरकार में प्रतिनियुक्ति की सेवा को दिनांक–22.10.2026 से 21.10.2028 (दो वर्ष) तक विस्तार करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। तदालोक में डा० बी० ललिता द्वारा स्वास्थ्य विभाग (मुख्यालय), बिहार, पटना में पदस्थापन की प्रतीक्षा में योगदान समर्पित किया जाएगा। डा० बी० ललिता के पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति के सम्बन्ध में अलग से आदेश निर्गत किया जाएगा।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
ह0/–
(विनोद कुमार पाठक)
सरकार के उप सचिव।

D>Sec-2>2026>adesh 2026 2542(2),
21.10.2026

ज्ञापांक–2/एम–14/2021– 2542 (2) पटना, दिनांक 21 / 10 /2026

प्रतिलिपिः महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग बिहार, पटना को सूचनार्थ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपिः अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना/ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, तेलंगाना सरकार के पत्रांक/ज्ञापांक–5349/B/2021, दिनांक–22.10.2021 के आलोक में सूचनार्थ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि : माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सभी विशेष सचिव/सभी अपर सचिव/सभी संयुक्त सचिव/सभी उप सचिव/सभी अवर सचिव/सभी निदेशक प्रमुख/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–03, 09(A एवं B), 17, 18ए स्वास्थ्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपिः कोषागार पदाधिकारी, बिहार भवन नई दिल्ली को सूचनार्थ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपिः डा० बी० ललिता, अपर स्थानिक आयुक्त, बिहार भवन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली को सूचनार्थ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपिः श्री अमित कुमार, डेटा एनालिस्ट, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।